

# बुंदेलखंड का लोक पर्व 'कजलियां', का है ऐतिहासिक महत्व

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। समूचे बुंदेलखंड का प्रमुख पर्व कजलियां आज हर्षोल्लास के साथ जिले भर मे मनाया गया। आज भी कजलियां पर्व का महत्व भले ही शहरी क्षेत्रों में कम हुआ है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।**



आज हरियाली, शांति, सुख समृद्धी, स्नेह और प्रेम का प्रतीक कंजलियां,, पर्व सावन पूर्णमासी के दूसरे दिन मनाया गया बांस की टोकरी में उगी गैहू की छोटी बालो को निकालकर परिवार ,दोस्त पडौसी, को आदर, सम्मान, के साथ देकर सुख सम्रद्धी की कामना की गयी। पन्ना जिले के सभी ब्लाकों ग्रामिण क्षेत्रों मे यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**हमारे बुन्देलखण्ड से हुयी शुरूआत:-** बुंदेलखंड अपनी समृद्ध सभ्यता, इतिहास और उत्सवों के अनूठे रंगों के लिए जाना जाता है।

इस क्षेत्र की लोक परंपराएं और त्योहार अपनी रोचक प्रथाओं और ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़े हुए हैं। इन्हें वीरता और शौर्य से ओतप्रोत माना जाता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण लोक पर्व है कजलियां, जो बुंदेलखंड में लोकपरंपरा और विश्वास का प्रतीक बन गया है। हालांकि,आज की आधुनिकता की दौड़ में इस पर्व की रौनक धीरे-धीरे फीकी पड़ती जा रही है, फिर भी कुछ ग्रामीण और शहरी इलाकों में इसे अभी भी जीवित रखा गया है। इस पर्व का ऐतिहासिक महत्व भी है, जो इसे विशेष बनाता है।

आल्हा, ऊदल, लाखन, ताल्हन, सैयद, और राजा परमाल के बेटे ब्रह्मा जैसे वीरों ने पृथ्वीराज की सेना को पराजित कर महोबा की रक्षा की। इस विजय के बाद, राजकुमारी चंद्रावली और अन्य लोगों ने अपनी-अपनी कजलियां खोतीं। तब से यह पर्व बुंदेलखंड में विजयोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

कजलियां बुंदेलखंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे आने वाली पीढ़ियों को भी संजोकर रखना चाहिए।

### क्या है ,ऐतिहासिक महत्व

कहते हैं कि महोबा के राजा परमाल की बेटी, राजकुमारी चंद्रावली, जब तालाब में अपनी सखी-सहेलियों के साथ कजलियां सिराने गई थी, उसी समय दिल्ली के राजा पृथ्वीराज ने महोबा पर चढ़ाई कर दी थी। पृथ्वीराज का उद्देश्य राजकुमारी का अपहरण करना था। लेकिन महोबा के वीर सपूत आल्हा, ऊदल, मलखान, और चंद्रावली के ममेरे भाई अभई ने वीरता का परिचय देते हुए राजकुमारी की रक्षा की। इस संघर्ष में अभई वीरगति को प्राप्त हुआ और राजा परमाल का बेटा रंजीत भी शहीद हो गया।

# माय किंडरलैंड विद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

## बच्चों के बीच हुई कई प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। माय किंडरलैंड विद्यालय में भाई बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को उत्साह के साथ मनाया गया। इसके साथ ही रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।**




प्रतियोगिताओं में राखी बनाना, कार्ड बनाना, थाली सजाना, मेहंदी प्रतियोगिता, सहित मुरली सजाना, मटकी सजाना, कान्हा जी के वस्त्र बनाना, हल सजाने जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्मिलित हुई उक्त प्रतियोगिताओं में छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बालिकाओं ने भाग लेकर एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी की विभिन्न डिजाइनें बनाई। दूसरे चरण में राखी प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई गईं जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में ब्रह्मोस मिसाइल की राखी व एक पेड़ मां के नाम राखी विशेषत: मनमोहक रहीं। संस्था प्रमुख श्रीराम गोस्वामी, अमरदीप गोस्वामी ने कहा कि यह त्यौहार भाई-बहिन का ही नहीं अपितु यह एक दूसरे की रक्षा, सुरक्षा, स्नेह, प्रेम भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक दूसरे को राखी भी बांधी। विद्यालय प्राचार्या श्रीमति मनीषा अमरदीप गोस्वामी ने रक्षा बंधन के पर्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा चीनी निर्मित राखियों का इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प लिया। विद्यालय के सभी शिक्षकजनों का पूर्ण सहयोग विभिन्न प्रतियोगिताओं में रहा विद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकजनों का विशेष धन्यवाद दिया गया व सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# रक्षा बंधन के दिन पुत्र ने की आत्म हत्या

## सुसाइड नोट मे मामा का किया जिक्र

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। कल रक्षाबंधन के दिन अमानगंज नगर मे किराये पर रह रहे एक दम्पत्ति के 15 वर्षीय पुत्र ने अपने ही घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के पीछे उसने सुसाइड नोट मे मामा को जिम्मेदार माना है अब इसमें क्या सच्चाई है यह पुलिस विवेचना के बाद ही पता चलेगा।**

हासिल जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 4 में मुकेश राज के मकान में किराए से रह रहे एक किरायदार के बच्चे ने अपने किराए के मकान में ही एक तौलिया से फांसी लगाकर अपनी



जीवन लीला अज्ञात कारणों के चलते समाप्त कर ली। घटना की जानकारी जैसे उसकी मां को लगी, तत्काल पूरा मोहल्ला उसके चीखने चिल्लाने पर उसके घर इकट्ठा हो गया। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज इलाज हेतु लाया गया जहां डॉक्टर आशीष तिवारी ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के विषय में जानकारी जो सामने आई है उसमें ज्ञात हुआ है कि मृतक राज शुक्ला निवासी 15 वर्ष निवासी छोटी सुनवानी जिला पन्ना का निवासी है। उसके परिजन अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 4 में मुकेश राज के मकान में किराए में रहते हैं। कल शाम करीब 5 बजे जब उसकी माँ आस पास कहीं राखी बांधने गई थी, इसी बीच यह कदम उठाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना प्राप्त होने पर डॉक्टर और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कार्यवाही के बाद मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि यह बच्चा अपने घर में इकलौता था। एक बहन थी रक्षाबंधन जैसे पावन मौके पर उसके घर में इसकी मौत हो गई।

### देवेन्द्रनगर, अमानगंज एवं अजयगढ़ में 1000 मिमी से अधिक वर्षा

पन्ना 10 अगस्त। पन्ना जिले में इस वर्ष एक जून से 10 अगस्त तक 899.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान देवेन्द्रनगर, अमानगंज एवं अजयगढ़ में 1000 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा अजयगढ़ में 1093.2 मिमी एवं सबसे कम सिमरिया में 582.4 मिमी दर्ज की गई है।

पन्ना में 893.1 मिमी, देवेन्द्रनगर में 1006 मिमी, गुनौर में 954.1 मिमी, अमानगंज में 1040 मिमी, पवई में 879 मिमी, शाहनगर में 836.1 मिमी तथा रैपुरा में 814.5 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

# पवित्रता और भाईचारे का पर्व रक्षाबंधन :ब्रह्माकुमारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। रक्षाबंधन का पुनीत पर्व ब्रह्माकुमारी विद्यालय में बड़े ही उमंग उत्साह से मनाया गया बहन जी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामना देते हुए एवं रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि यह रक्षाबंधन एक विशाल हृदय व विशुद्ध भावनाओं से जुड़ा हुआ है परंतु आज छोटी सी सीमा में बंधकर रह गया है, रक्षाबंधन हम सभी भारत वासियों के लिए एक पावन पर्व है।**



इस दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधती है इस शुभ आशा के साथ की उसका भाई जीवन भर उसकी और उसके पवित्रता की रक्षा करेगा यह बंधन एक ऐसा पवित्र बंधन है जिसमें एक बार बंध जाने से उस रिश्ते का सम्मान और ही बढ़ जाता है फिर रिश्ते में कभी विकारी दृष्टि वृत्ति उत्पन्न नहीं हो सकती, परंतु आज के समय पर हर मनुष्य आत्मा के अंदर यह जो पांच विकार यह अपने चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं जो कभी-कभी इस पवित्र संबंध को भी कलंकित कर देते हैं।

बस साल में एक बार आने वाली रसम बनकर रह गई है राखी उत्सव, भारत को स्वर्ग बनाने वाला रक्षाबंधन रू वर्तमान समय परमपिता परमात्मा हम सभी को पवित्रता का रक्षा सूत्र बांधते हैं, ज्ञान एवं राजयोग ( ध्यान)की शिक्षा देकर आत्मा को विकारों के बंधन से मुक्त कर रहे हैं, जब मनुष्य आत्मा काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, नफरत, व्यसन आदि हर विकारों से मुक्त हो जाती है।

मन वचन कर्म से पवित्र रहने का संकल्प करती है, तब यह भारत स्वर्ग बन जाता है। इस उपलक्ष्य में पन्ना कलेक्टर श्री सुरेश कुमार, पन्ना पुलिस अधीक्षक, सांई कृष्णा डीएफओ अनुपम शर्मा, जेलर साहब आरपी मिश्रा, जेल में कैदी भाइयों को एवं वृद्ध आश्रम में सभी वरिष्ठ नागरिकों को रक्षा सूत्र बांधकर प्रतिज्ञा कराई गई।

# भाजपा नेता सहित 4 जुआ खेलते गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। गांजा एवं जुंआ के लिए मशहूर सलेहा थाना क्षेत्र मे देर से भले ही सलेहा पुलिस जागी हो लेकिन जुंआड़ियों पर कार्यवाही करते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और उनके दोस्तों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए पकड़ा है।**

सलेहा पुलिस टीम शुक्र-शनिवार की रात कस्बे में गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गंज मे हनुमानजी मंदिर के पास बरगद के पेड के नीचे कुछ लोग जुंआ खेल रहे हैं। पुलिस मौंके पर पहुंची तो जुआरी भागने लगे। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीष चैरसिया पिता रामकृपाल चैरसिया 44 वर्ष निवासी ग्राम गंज समेत चार लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए तीन अन्य लोगों में पुष्पेंद्र चैरसिया पिता रामऔतार चैरसिया 35 वर्ष निवासी ग्राम गंज थाना सलेहा, धीरेंद्र चैरसिया पिता लक्ष्मी प्रसाद चैरसिया 46 वर्ष निवासी ग्राम गंज थाना सलेहा, रामभगत पिता रामनारायण चैरसिया निवासी गंज थाना सलेहा शामिल हैं। पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बहादुरगंज के रानी तालाब में विसर्जित की गई कजलियां

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 10 अगस्त। बुंदेलखंड का मुख्य पर्व कजलिया परंपरागत रूप से बहादुरगंज ग्राम पंचायत में मनाई गई यहां पर एक बहुत बड़ा आयोजन कजलियों के अवसर पर होता है।**

कजलिया नाग पंचमी के दिन बोई जाती हैं फिर सावन खत्म होते ही जैसे भादो लगता है भादों के पहले दिन कजलियां निकली जाती हैं उनकी मान्यता ऐसी है कि नाग पंचमी के दिन किसान लोग अपने-अपने जानवरों के गलों में गिरमा डालकर खूटा में बांध देते हैं क्योंकि नाग पंचमी से फसल खेतों में तैयार हो जाती है तो जानवर अनावश्यक



फसलों का नुकसान ना करें जिससे नाग पंचमी को जानवर बांधने की चलन किसानों का शुरू हो जाती है। कजलियां लिये हुये महिलाएं पूरे बहादुरगंज ग्राम का भ्रमण करती हुई बहादुरगंज से लगे हुए रानी तालाब पहुंचती है वहां पर काजलिया है खौटा कर एक दूसरे को आदान-प्रदान की जाती हैं यह अजयगढ़ क्षेत्र में सबसे बड़ा आयोजन होता है जहां कई हजार लोग इस पर्व पर एकत्रित होते हैं इसका आयोजन ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों के सौजन्य से कराया जाता है।

# दस वर्षीय बालक की कुआं में डूबने से मौत

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 10 अगस्त। आजएक बालक की कुआं में डूबने से मृत्यु हो गई है।**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 10 अगस्त को सुबह 10.00 बजे करीब अपने खेत पर जहां पर कुआं स्थित है खेल रहे थे जिसमें मयंक पिता स्वर्गीय मैया दिन अहिरवार उम्र लगभग 10 वर्ष निवासी ग्राम पिष्टा के मजरा देवपुर और उसके साथ एक छोटा बच्चा दो बच्चे अपने खेत के कुएं के पास खेल रहे थे जिसमें से एक बच्चा मयंक कुएं में गिर गया जब



तक उसे छोटी उम्र का बच्चा दौड़कर उसके घर में परिजनों को बताया परिजन दौड़ के आए तब तक बच्चा पानी में डूब चुका था मृतक बच्चे मयंक पिता स्वर्गीय मैया दिन अहिरवार को ग्रामीणों की मदद से कुआ से निकाला गया घटना की सूचना चैकी वीरा को दी गई मौके पर पुलिस बल पहुंचा बच्चों का पंचनामा बनाया पोस्टमार्टम कर लाश परिजनों को सौंप दी।

### शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

पन्ना 10 अगस्त। जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह पुलिस परेड मैदान में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी शासकीय भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को शासकीय भवनों में 14 अगस्त एवं 15 अगस्त की रात्रि में आकर्षक सजावट के साथ रोशनी की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान की समीक्षा की।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक जोर शोर से हर घर तिरंगा अभियान चलायें। इसके साथ-साथ जन्माष्टमी पर्व की भी तैयारी कर लें। जिले में स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों और शहीदों की गाथाओं को संकलित कराकर उनका समुचित दस्तावेजीकरण करायें। स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश की उपलब्धियों के साथ-साथ जिले की उपलब्धियों और विकास गाथाओं को भी आम जनता तक पहुंचायें। पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस का समारोह पूरे उल्लास के साथ मनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में नवीन उद्योगों की स्थापना तथा रोजगारमूलक कार्यों पर भी विशेष ध्यान दें। वीडियो कान्फ्रेसिंग के दौरान कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा तथा अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए।

### स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री के संदेश का होगा सीधा प्रसारण

पन्ना 10 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड मैदान पन्ना में 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का लाइव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर दिखाया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, टीवी सेट, इंटरनेट कनेक्शन और साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जा रही है। सम्पूर्ण व्यवस्था का पूर्व रिहर्सल भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी का संदेश यूट्यूब लिंक पर भी उपलब्ध होगा। इसकी लिंक यथासमय जारी की जाएगी।

# अमानगंज सिमरिया मार्ग चकनाचूर

## सड़क की जेके सीमेंट के भारी वाहनों ने किया हालत खराब

नवभारत न्यूज

पन्ना 10 अगस्त

**पन्ना जिला मुख्यालय से सिमरिया तक मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा स्टेट हाईवे का निर्माण किया था तथा उक्त सड़क मार्ग पर टोल की भी वसूली की जा रही है लेकिन उक्त सड़क की हालत भारी बदतर हो चुकी है जिसका मुख्य कारण है.**



जेके सीमेंट कंपनी के भारी वाहन डंपर एवं ट्राला क्षमता से अधिक मटेरियल भरकर सड़क पर चलते है इसी के कारण सड़क की हालत खराब हुई है पूरी सड़क में भारी-भारी गड्ढे हो गए हैं जिससे वाहनों का चलना मुश्किल हो रहा है टोल वसूल करने वाली सड़क निर्माण कंपनी चुपचाप बैठी हुई है तथा लगातार टोल वसूल कर रही है लेकिन सड़क में सुधार कर नहीं किया जा रहा है।

जबकि सड़क कंपनी की यह जिम्मेदारी है कि यदि आप आम वाहन चालकों से टोल टैक्स वसूल रहे हैं तो लोगों को बेहतर सड़क चलने के लिए देना चाहिए लेकिन महीने से सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है इसी के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है।

# पति-पत्नी को सोते समय सांप ने डसा, दोनों की मौंत

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। पवई तहसील क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर गांव में रक्षाबंधन के दिन हुए दर्दनाक घटनाक्रम से गांव का माहौल गमगीन हो गया। पति पत्नी शुक्र शनि की रात घर मे सो रहे थे। उसी दौरान सांप ने पहले पति को डसा और बाद में पत्नी को।**

दोनों की इलाज के दौरान मौंत हो गई। गत दिवस की रात को दुखिया रजक उम्र 55 वर्ष और उसकी पत्नी गुलाब बाई 45 वर्ष घर में सोये हुए थे। सांप ने पहले पति दुखिया रजक को गले में डसा। जब पति ने घबराहट में सांप को हटाने की कोशिश की और हांथ का झटका तो सांप उछलकर पास ही सो रही पत्नी गुलाब बाई की खाट पर जा गिरा। सांप ने गुलाब बाई को सिर पर डसा। इससे दोनों की हालत नाजुक हो गई। मामले की जानकारी लगने पर परिजन नींद से जागे और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया। नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान पति ने दम तोड दिया। पत्नी की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया पर कुछ ही देर बाद पत्नी ने भी दम तोड दिया।

# अव्यवस्थित साप्ताहिक बाजार को पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त कार्यवाही से किया गया सुव्यवस्थित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 अगस्त। काफी समय से रविवारीय साप्ताहिक बाजार अव्यवस्थित रूप से रोड किनारे लगता था जिस कारण मुख्य मार्गो में जाम की स्थिति लगती थी जिस पर कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा ने अधीनस्थ अमले को सुव्यवस्थित बाजार के लिए निर्देश दिये थे।**

जिस पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम पन्ना संजय नागवंशी, एसडीओपी एसपीएस बघेले, टीआई रोहित मिश्रा, यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्ष्यकार सहित राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने पन्ना शहर के छत्रसाल पार्क के समीप लगने वाले साप्ताहिक बाजार में लगने वाली दुकानों को आज सुवह से ही सुव्यवस्थित तरीके से



लगवाने की कार्यवाही की गयी साथ ही बाजार में आने वाले भारी वाहनो को हटवाकर कार्यवाही की गयी, अवगत हो कि साप्ताहिक बाजार को लेकर होने वाली यातायात व्यवधान से निजात पाने के लिए अनु.अधि.पन्ना एस.पी.सिंह बघेल द्वारा एक दिन पूर्व ही मीटिंग ली गई जिसमें भारी माल वाहनों को साप्ताहिक बाजार के अंदर न लाने हेतु निर्देश दिये गये थे ताकि यातायात व्यवस्थित हो सके। इसके लिए बडे वाहनों को बडी देवी माता मंदिर के पास पार्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी बाजार व्यवस्था को लेकर आज सुबह 06.00 बजे से ही अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना रोहित मिश्रा एवं थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार द्वारा बाजार में लगे अव्यवस्थित वाहनों व दुकानदारों द्वारा खड़े किये गये भारी वाहनों जिस पर विक्री की जानी होती है उन्हे बाजार से हटवाकर साप्ताहिक बाजार में लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित तरीके से लगवाया गया ताकि यातायात सुव्यवस्थित व सुगम रहे साथ ही बड़े वाहनों को हटवाकर कार्यवाही हेतु थाना यातायात खड़ा किया गया जिस पर चालानी कार्यवाही की गई कार्यवाही के साथ ही दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी अपनी दुकानें नियत स्थानों पर ही लगावें एवं अपने अपने वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्क करें ताकि साप्ताहिक बाजार के दौरान अतिक्रमण की स्थिति निर्मित न हो।

### सब्जी मंडी के शेडों का अवैध अतिक्रमण भी हटेगा

स्थानीय थोक फल व्यापारियों ने फल सब्जी मंडी के अंदर बने शेड पर लोहे की जालियां लगाकर और फर्श को तोड़फोड़कर अवैध कब्जा कर रखा है जिस पर एसडीएम पन्ना संजय नागवंशी ने बताया कि दो दिन के अंदर नोटिस जारी कर यदि अतिक्रमण यदि स्वयं नहीं हटाते तो सामग्री जप्त कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी।